राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

राजभाषा अधिकारियों का 39वां अखिल भारतीय सम्मेलन

केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का 39वां अखिल भारतीय सम्मेलन 22 मार्च को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया। सम्मेलन में श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्री आलोक अग्रवाल, महा प्रबंधक, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का सचिवालय एवं श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग मुख्य रूप से उपस्थित थे। वीसी के माध्यम से बैंक में कार्यरत राजभाषा अधिकारी अपने – अपने कार्यस्थल से जुड़े थे। आरम्भ में श्रीमती पवित्रा बी, अधिकारी, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का सचिवालय एवं सुश्री जयश्री, अधिकारी, वृहद कॉरपोरेट साख विभाग ने ईश वंदना प्रस्तुत की।

इसके बाद श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने सभी का स्वागत किया और पिछले एक वर्ष में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हुई प्रगति एवं उपलब्धियों पर अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन को लेकर राजभाषा अधिकारियों से प्रधान कार्यालय की अपेक्षाओं से अवगत कराया।

इसके बाद उपस्थित गणमान्यों द्वारा राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय बेंगलूरू द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका "केनरा ज्योति" के 30वें अंक का भी विमोचन किया गया। केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना के पुरस्कार विजेताओं को शील्ड वितरित किए गए। विजेता अंचलों के प्रमुख भी उपस्थित थे और पुरस्कार की घोषणा होने पर उन्होंने शील्ड प्रदर्शित की।

श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने राजभाषा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक में जिस तरह राजभाषा कार्यान्वयन किया जा रहा है, यह प्रशंसनीय है। सीबीएस से भेजे जाने वाले एसएमएस ग्राहकों को राज्यवार क्षेत्रीय भाषा में भेजी जानी चाहिए। शाखाओं में ग्राहकों के लिए प्रयोग किए जाने वाले फॉर्मों के द्विभाषी/ त्रिभाषी रूप में उपलब्धता पर जोर देते हुए कहा कि सभी राजभाषा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'क' क्षेत्र में शाखाओं में ग्राहकों के लिए प्रयोग किए जाने वाले फॉर्म द्विभाषी में हो और 'ग' क्षेत्र में त्रिभाषी रूप में उपलब्ध हो। साथ ही उन्होंने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हमारा बैंक अग्रणी रहने के साथ हर कला प्रदर्शनी जैसे संगीत, नृत्य, खेल आदि और विभिन्न तरह के क्रियाकलापों में भी प्रथम स्थान पर रहना चाहिए। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रधान कार्यालय टीम की भी प्रशंसा की।

श्री शंकर एस, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने बेहतर कार्यों के लिए राजभाषा अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में राजभाषा कार्यान्वयन में बहुत ही अच्छे कार्य किए गए है जो कि प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि राजभाषा अधिकारी अपने कार्य के साथ- साथ बैंक के कारोबार को बढ़ाने में भी अपना योगदान देना चाहिए जैसे जमा राशि लाना, अग्रिम के प्रस्ताव लाना, वसूली में मदद करना, खाता खुलवाना।

श्री कल्याण मुखर्जी, उप महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन में हिंदी का प्रयोग और अधिक बढ़ाने पर काम करने की आवश्यकता है जिसके लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें तथा तदनुसार माहौल बनाए।
इसके बाद श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक एवं श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग द्वारा अंचल कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थ राजभाषा अधिकारियों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की गई। अंत में श्रीमती शिवानी तिवारी, प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संबोधन

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

राजभाषा कार्यान्वयन पर प्रस्तुति, श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

"केनराज्योति" का विमोचन

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

राजभाषा अक्षय योजना पुरस्कार के तहत विजेता अंचल कार्यालय

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru